# पर्यटन अध्ययन

बीटीएस
प्रथम वर्ष

## सत्रीय कार्य पुस्तिका
(2017)

## टीएस–1 और टीएस–2

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# बीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–1 और टीएस–2 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।

जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) योजना बनानाः सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) संगठनः अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) प्रस्तुतिः जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

डॉ.अरविन्द कुमार दुबे
कार्यक्रम संयोजक, बीटीएस

सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | ज्नवरी 17 सत्र के लिए अंतिम तिथि | जुलाई 17 सत्र के लिए अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| टीएस–1 | अप्रैल 15, 2017 | अक्तूबर 15, 2017 |
| टीएस–2 | अक्तूबर 15, 2017 | अप्रैल 15, 2018 |

# टीएस–1 : पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम

## (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–1 | कार्यक्रम : बीटीएस

कुल अंक : 100 | सत्रीय कार्य कोड : टीएस–1/टीएमए/2017

---

**नोटः किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर लगभग 600–600 'शब्दों में दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

1. पर्यटन की परिभाषा लिखिए। पर्यटन के रूपों और प्रकारों की चर्चा कीजिए। 20

2. पर्यटन उद्योग के प्राथमिक/प्रमुख घटक कौन–से हैं? राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा देने में सरकार की भूमिका की चर्चा कीजिए। 20

3. पर्यटन में औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्रों/सेक्टरों के बीच के प्रमुख अंतरों की चर्चा कीजिए। 20

4. निम्नलिखित पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिएः 10x2=20
   (क) वैकल्पिक पर्यटन
   (ख) मनीला घोषणा

5. भारत में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने में रेल यातायात की भूमिका की चर्चा कीजिए। 20

6. गाइड और एस्कॉर्ट के बीच क्या अंतर होता है। टूर के समय गाइड और एस्कॉर्ट की भूमिका का वर्णन कीजिए। 20

7. पर्यटन के सामाजिक–सांस्कृतिक और पर्यावरण से संबंधित प्रभावों की व्याख्या कीजिए। 20

8. टूर ऑपरेटर को परिभाषित कीजिए। किसी टूर की योजना बनाने और लागत का निर्धारण क्रने में सम्मिलित चरणों की चर्चा कीजिए। 20

9. विपणन की परिभाषा लिखिए। विपणन में संवर्धन/प्रोमो"ान के महत्व की चर्चा कीजिए। 20

10. आधारभूत संरचना और पर्यटन के बीच के संबंध का उल्लेख कीजिए। भारत में आधारभूत संरचना/इंफास्ट्रक्चर के क्षेत्र की कमियॉ बताइए। 20

# टीएस–2 : पर्यटन विकास : उत्पाद, संचालन और स्थिति अध्ययन
## (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस–2** | **कार्यक्रम : बीटीएस**
**कुल अंक : 100** | **सत्रीय कार्य कोड : टीएस–2/टीएमए/2017**

**नोटः किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर लगभग 600–600 ‘शब्दों में दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

1. पर्यटक की प्रोफाइल तैयार करने का क्या महत्व है? इस संबंध में अपनाई गई विधियों की चर्चा कीजिए। 20

2. समाज विज्ञान, मानव विज्ञान और पर्यटन के बीच के संबंधों की चर्चा कीजिए। 20

3. पर्यटकों को एक ऐतिहासिक स्मारक के बारे में जानकारी देते समय आप किस पहलू पर प्रका"ा डालेंगे? ताज महल को एक केस अध्ययन मानते हुए अपना उत्तर दीजिए। 20

4. भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने में नृत्य और संगीत के महत्व को जॉच/वर्णन कीजिए। 20

5. पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए राष्ट्रीय उद्यानों का सर्वोत्तम उपयोग कैसे किया जा सकता है? इससे संबंधित एक योजना के बारे में भी लिखें। 20

6. जातीय (एथनिक) पर्यटन शब्द से आप क्या समझते हैं? इसका विकास करने के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं की चर्चा कीजिए। 20

7. भारत के प्रमुख त्यौहारों की चर्चा कीजिए। साथ ही मेलों और त्यौहारों के बीच अंतर बताइए। उपयुक्त उदारण भी दीजिए 20

8. एक राज्य सरकार पर्यटन की योजना कैसे बनाती है और उसको बढ़ावा कैसे देती है। महाराष्ट्र का एक उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए। 20

9. पर्यटन में राज मार्ग सेवाओं का क्या महत्व है। हरियाणा से उदाहरण देते हुए उनमें सुधार लाने के लिए सुझाव दीजिए। 20

10. निम्नलिखित पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिएः 10x2=20

    (क) भारत में साहसिक खेल
    (ख) पाटा/PATA